अराकू कॉफी

स्रोत: इकॉनोमिक टाइम्स

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **'मन की बात'** रेडियो कार्यक्रम के दौरान **आंध्र प्रदेश की अराकू कॉफी** (Araku Coffee) के अद्वितीय स्वाद और महत्त्व की प्रशंसा की।

- **अराकू कॉफी** आंध्र प्रदेश के **अल्लूरी सीताराम राजू ज़िले में अराकू घाटी में उगाई** जाती है, जो पूर्वी घाट में स्थित है।
  - इस कॉफी में **चॉकलेट, कारमेल और सूक्ष्म फलयुक्त अम्लता का विशिष्ट स्वाद** है।
  - इसे विविध **कृषिवानिकी प्रणाली** में उगाया जाता है, मुख्य रूप से जैविक कृषि विधियों का उपयोग करके इसकी खेती की जाती है।
  - इसे **आदिवासी किसानों** और सहकारी समितियों द्वारा उगाया जाता है तथा यह स्थायी आजीविका एवं सामुदायिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में मदद करता है।
  - अराकू कॉफी को कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें **कैफे डी कोलंबिया प्रतियोगिता (Café de Colombia Competition) में "सर्वश्रेष्ठ रोबस्टा" पुरस्कार** भी शामिल है।
  - अद्वितीय गुणों के लिये इसे वर्ष 2019 में भौगोलिक संकेत **(Geographical Indication- GI) टैग** प्राप्त हुआ।
    - **GI टैग प्राप्त** करने वाली अन्य भारतीय कॉफी में कर्नाटक से **कूर्ग अरेबिका, वायनाड रोबस्टा, चिकमगलूर अरेबिका, बाबाबुदनगिरीस अरेबिका** और केरल से मॉनसून **मालाबार रोबस्टा** शामिल हैं।
- **कॉफी के शीर्ष 3 उत्पादक: ब्राज़ील, वियतनाम और कोलंबिया।**
  - **भारत विश्व में कॉफी का** छठा सबसे बड़ा उत्पादक है।
- **भारत में कॉफी के शीर्ष 3 उत्पादक: कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु।**

//

और पढ़ें: भारत की कॉफी, विश्व कॉफी सम्मेलन 2023

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/araku-coffee